प्रेषक,

**निदेशक**,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1–समस्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
2–अपर निदेशक, पशु जैविक औषधि उत्पादन संस्थान बादशाहबाग लखनऊ।
3–प्रायोजना निदेशक वृहद भेंड़ प्रजनन प्रक्षेत्र भैसोड़ा–नौगढ़ चन्दौली।
4–प्रायोजना अधिकारी, सघन भेड़ एवं ऊन विकास, मिर्जापुर।
5–संयुक्त निदेशक, भदावरी भैंस एवं जमुनापारी बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र इटावा।
6–प्रधानाचार्य, आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ।
7–उप निदेशक (प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग महानगर, लखनऊ।
8–आहरण वितरण अधिकारी मुख्यालय।

पत्रांकः 251 /बजट/29(5)/रा0प्रा0/2023–24 दिनांकः 08-06-2023

विषयः– गत वित्तीय वर्ष 2022–23 के अनुदान संख्या–15 लेखाशीर्षक 0403–राजस्व प्राप्तियों के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त आंकडे उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक बजट अनुभाग के पत्र संख्या 08/बजट/29(5)/रा0प्रा0/2023–24 दिनांक 13.04.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आप से सम्बन्धित संस्थाओं की राजस्व प्राप्तियों की सूचना निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष कार्यपूर्ति दिग्दर्शक जिसे माननीय विधायकगण/ विधान परिषद सदस्यों के सम्मुख विधान सभा/विधान परिषद के पटल पर विभाग की ओर से मा0 अपर मुख्य सचिव के हस्ताक्षरोंपरान्त रखी जाती है। कार्यपूर्ति दिग्दर्शक में विभाग के समस्त कार्यक्रमों का विवरण अंकित किया जाता है, जिसमें समस्त सूचनाओं का समावेश रहता है, जिस पर माननीय सदस्यों द्वारा चर्चा की जाती है। कार्यपूर्ति दिग्दर्शक में विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष कितनी पूर्ति हुई, का भी समावेश रहता है। चूंकि संदर्भित आंकडे कार्यपूर्ति दिग्दर्शक के प्रकाशन तक तैयार किये जाने में बडी कठिनाई का सामना करना पडता है तथा अन्त समय तक कतिपय आंकडों में भिन्नता हो जाने की संभावना बनी रहती है। इस विषम परिस्थिति से बचने के लिए यह आवश्यक है कि निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष आपके स्तर से प्राप्त पूर्ति के प्रमाणित आंकडे उपलब्ध कराये जाय।

अतएव निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष आपके स्तर से की गयी पूर्ति के आकडें प्रत्येक दशा में 30 जून, 2023 तक बजट अनुभाग मुख्यालय को **संलग्न निर्धारित प्रारूप 'क'** पर विशेष वाहक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में लक्ष्य/पूर्ति के आंकडों में किसी प्रकार की भिन्नता न हो। सन्दर्भित प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

**संलग्नकः यथोपरि ।**

भवदीय,
08/06/23

**(डा0 इन्द्रमनि)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

पत्रांक /बजट/29(5)/रा0प्रा0/2023–24 तददिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1–समस्त समस्त अपर निदेशक ग्रेड–2 पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
2–समस्त प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0।

**(डा0 इन्द्रमनि)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

संलग्नक 'क'

धनराशि रूपये में

प्रारूप

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | वित्तीय वर्ष 2022–23 निर्धारित लक्ष्य | निर्धारित लक्ष्यो के सापेक्ष पूर्ति | पूर्ति के सापेक्ष प्राप्त राजस्व प्राप्तियां | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति में अन्तर | अन्तर का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **103–मुर्गीपालन के विकास से प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01–उ0प्र0 पशुपालन विभाग के निदेशक के अधीन कुक्कुट प्रक्षेत्रों से प्राप्तियाँ | | | | | |
| | 02–कुक्कुट पालकों के हाथपूरक खुराक की बिक्री से आय | | | | | |
| 2 | **104–भेड़ पालन एवं ऊन विकास से प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01– भेड़ पालन एवं ऊन विकास से प्राप्तियां | | | | | |
| 3 | **105–सूकर पालन के विकास से प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01–सूकर पालन के विकास से प्राप्तियां | | | | | |
| 4 | **106–चारे और चारागाह के विकास से प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01–चारे और चारागाह के विकास से प्राप्तियां | | | | | |
| 5 | **108–अन्य पशुधन के विकास से प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01–अन्य पशुधन के विकास से प्राप्तियाँ | | | | | |
| 6 | **501–सेवायें और सेवा शुल्क:–** | | | | | |
| | 01–सेवायें और सेवा शुल्क | | | | | |
| 7 | **800–अन्य प्राप्तियाँ:–** | | | | | |
| | 01–पशुपालन विभाग के निदेशक के अधीन प्राप्तियाँ | | | | | |
| | 02–अधिक भुगतान से वसूलियाँ | | | | | |
| | 03–इमारतो का किराया | | | | | |
| | 04–लोथ उपयोग केन्द्रों से आय | | | | | |
| | 05–निदेशक, पशुपालन के नियंत्रण के अधीन दूध और दूध से बनाई अन्य वस्तुओं की बिक्री से आय | | | | | |
| | 06–अभिजनन और गर्भित कराने की फीस और पशुओं की बिक्री से आय | | | | | |
| | 07–अंशदान ब्याज सहित | | | | | |
| 8 | **99–प्रकीर्ण प्राप्तियाँ** | | | | | |
| | **महायोग** | | | | | |